## ★ प्रस्ताव 19 के पक्ष में तर्क ★

19 पर हां। वरिष्ठों, जंगल की आग के पीड़ितों, और दिव्यांगता से युक्त लोगों के लिए कर बचत और आवासीय राहत। प्रस्ताव 19 कमजोर California वासियों को सुरक्षा देता है, कर संबंधी अनुचित विसंगतियों को समाप्त करता है, और अग्नि सुरक्षा और आपात चिकित्सीय प्रतिक्रिया के लिए आवश्यक राजस्व की व्यवस्था करता है।

1) वरिष्ठों, जंगल की आग के पीड़ितों, और दिव्यांग गृह-स्वामियों के लिए संपत्ति करों को सीमित करता है। प्रस्ताव 19: • वर्तमान कानून में अनुचित, कभी-कभी स्थान बदलने संबंधी प्रतिबंधों को हटाता है, जिससे ऐसे गृह-स्वामी जो वरिष्ठ, दिव्यांग, या जंगल की आग के पीड़ित हैं, अपने घर की प्रस्ताव 13 की कर बचतों को California में किसी भी स्थान पर एक वैकल्पिक घर पर स्थानांतरित कर सकें। • कई मिलियन वरिष्ठ लोगों को आवासीय सहायता उपलब्ध कराता है, बहुत से लोग ऐसे घरों में फंसा हुआ अनुभव करते हैं जिसका वे रखरखाव नहीं कर सकते, जिसमें बहुत अधिक सीढ़ियां होती हैं, परिवार या चिकित्सीय देखभाल से बहुत दूर स्थित होते हैं- कोरोना वायरस के कारण स्वास्थ्य जोखिम और बदतर हो गए हैं। • पूरे राज्य में किराए पर रहने वालों और नए गृह-स्वामियों के लिए रिकॉर्ड संख्या में घर के स्वामित्व के अवसर बनाता है क्योंकि कई दशकों में पहली बार कई हजारों घर उपलब्ध हो जाएंगे। • "जंगल में आग की दो घटनाओं में 15,155 घरों के नष्ट होने के बाद, पीड़ितों को केवल कुछ मील दूर स्थानांतरण करने के कारण कर में भारी वृद्धि का सामना करना पड़ा था। प्रस्ताव 19 करों में अचानक वृद्धि को समाप्त करने के लिए स्थान संबंधी अनुचित प्रतिबंधों को हटाता है जिससे जंगल की आग के पीड़ित California में कहीं भी एक वैकल्पिक घर में स्थानांतरित हो सकें।" —*Kristy Militello, Tubbs जंगल की आग में बचने वाली महिला*

2) ईस्ट कोस्ट निवेशकों, प्रसिद्ध व्यक्तियों, और धनी ट्रस्ट निधि उत्तराधिकारियों द्वारा वैकेशन होम और किराए पर उपयोग किए जाने वाले कर की अनुचित विसंगतियों को समाप्त करता है: • समाचार रिपोर्टों और संपत्ति रिकॉर्डों से खुलासा हुआ है कि परिवार के प्राथमिक निवास पर कर को सीमित करने के लिए बनाए गए नियमों का राज्य से बाहर के पेशेवर, प्रसिद्ध व्यक्ति, और धनी उत्तराधिकारी वैकेशन होम और किराए पर कर के अपने उचित हिस्से का भुगतान करने से बचने के लिए गलत उपयोग कर रहे हैं। [*Los Angeles टाइम्स*, 8/17/18] • अनुचित तरीकों को प्रयुक्त करने के परिणामस्वरूप स्कूलों और काउंटियों को कई बिलियन डॉलर राजस्व का नुकसान हुआ है, इससे California के गृह-स्वामियों को पड़ोस के समान क्षेत्र में उत्तराधिकारियों के स्वामित्व वाले किराए के घरों की तुलना में 10 गुणा अधिक टैक्स बिल चुकाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, इनमें से कई उत्तराधिकारी Florida या New York जितने दूर स्थानों में रहते हैं।

प्रस्ताव 19 कानून में अभीष्ट अनुसार प्राथमिक निवास को उत्तराधिकार में प्राप्त करने वाले और उसमें रहने वाले बच्चों के लिए पारिवारिक घर को संरक्षण देता हैऔर कर की दरों को कम करता हैकिराए के घर में बदले गए घरों से संबंधित अनुचित विसंगतियों को समाप्त करता है . . . क्योंकि किराए से आय संपत्ति कर में किसी वृद्धि की आसानी से पूर्ति कर देगी।

3) इसके द्वारा अग्नि सुरक्षा, आपातकाल के समय प्रतिक्रिया और स्कूल निधि में वृद्धि करता है: •अग्नि सुरक्षा और आपातकाल चिकित्सीय प्रतिक्रिया निधि स्थापित करना: जंगल की आग और चिकित्सीय आपात स्थितियों में जीवन बचाने के प्रतिक्रिया के समय की स्थिति को और अधिक बदतर बनाने वाली असमताओं को ठीक करने के लिए ग्रामीण और शहरी समुदायों में अग्नि जिलों के लिए समर्पित राजस्व। • कोरोना वायरस के कारण बजट में संतुलन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे स्कूलों और काउंटियों को, आपातकाल के समय प्रतिक्रिया, किफ़ायती आवास, बेघरपन संबंधी कार्यक्रमों, स्वास्थ्य देखभाल, और अन्य स्थानीय सेवाओं के लिए लंबी-अवधि के राजस्व के साथ आर्थिक बढ़ावा देना। • वरिष्ठों के लिए घरों की बिक्री और एक प्राथमिक निवास के तौर पर उपयोग नहीं की जाने वाली उत्तराधिकार में प्राप्त संपत्तियों पर अनुचित विसंगतियों को समाप्त करने के परिणामस्वरूप स्कूलों और स्थानीय सरकार के लिए सैंकड़ों मिलियन का राजस्व अर्जित करना।

4) प्रस्ताव19 का डेमोक्रेट और रिपब्लिकन समर्थन करते हैं: "प्रस्ताव 19 वरिष्ठों, दिव्यांग गृह-स्वामियों, और जंगल की आग के पीड़ितों सहित कमजोर California वासियों के लिए कर बचतों और लाभों को संरक्षित करता है। "*Jim Brulte, CA रिपब्लिकन पार्टी पूर्व अध्यक्ष*

"अनुचित विसंगतियों को समाप्त करने और वरिष्ठों और कार्यशील परिवारों को आवश्यक आवासीय राहत उपलब्ध कराने के लिए राज्य और स्थानीय डेमोक्रेट के साथ मतदान करें"—*Alexandra Rooker, CA डेमोक्रेटिक पार्टी पूर्व अध्यक्ष*

कृपया आग बुझाने वाले कर्मियों, आपातकाल के समय प्रतिक्रिया देने वालों, वरिष्ठों और दिव्यांगता अधिकार समूहों, ब्लैक CALIFORNIA चैंबर ऑफ कॉमर्स, कैलेसियन चैंबर, हिस्पैनिक चैंबर, स्थानीय डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन्स के साथ शामिल हों।

*YESon19.vote*

**BRIAN RICE,** अध्यक्ष
California Professional Firefighters

**KATHLEEN BARAJAS,** अध्यक्ष
Californians for Disability Rights

**GEORGE MOZINGO,** बोर्ड सदस्य
California Senior Advocates League

## ★ प्रस्ताव 19 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 19 माता-पिता के पास उनके बच्चों की सहायता के लिए उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ साधनों में से एक को समाप्त करता है।

यह California के संविधान में 1986 से उपस्थित अधिकार है, जिससे वे अपने घर और $1 मिलियन तक की अन्य संपत्ति को प्रस्ताव 13 के कर आंकलन में बिना बदलाव किए उन्हें दे सकते हैं। पुनः आंकलन का अर्थ कर में बहुत अधिक वृद्धि हो सकता है। तो एक घर और एक छोटे व्यवसाय जैसी सीमित अन्य संपत्ति का माता-पिता से बच्चे को हस्तांतरण प्रस्ताव 58 द्वारा संरक्षित है, जिसे 1986 में 76% मत से पारित किया गया था।

प्रस्ताव 19 प्रस्ताव 58 को समाप्त करता है। अगर एक बच्चा परिवारिक घर में एक वर्ष के अंदर स्थानांतरित नहीं होता तो उसके हस्तांतरण का अपने आप से पुनः आंकलन किया जाएगा।

California परिवारों के अपनी संपत्ति को अधिक कर के कारण बेचने के लिए मजबूर होने पर प्रस्ताव 19 नए कर एकत्र करेगा। इसके समर्थक सभी प्रकार के कार्यक्रमों के लिए धन का वादा करते हैं। प्रस्ताव 19 के समर्थकों का यह कहना है कि यह माता-पिता-बच्चे के मध्य परिवार की संपत्ति के हस्तांरण पर कर में वृद्धि का भुगतान करेगा।

प्रस्ताव 19 के समर्थकों का कहना है "कई हजारों घर" गृह स्वामित्व के अवसर बनाने के लिए उपलब्ध हो जाएंगे। प्रस्ताव 19 के समर्थकों को इससे बहुत से पारिवारिक घरों की बिक्री शुरू होने की उम्मीद है। यह हैरान करने वाला है!

माता-पिता के पास अब अपने बच्चों की वित्तीय सहायता करने के लिए बहुत कम साधन उपलब्ध हैं। अच्छे समय में भी, अगली पीढ़ी के लिए California में रहना वित्तीय तौर पर मुश्किल है, ऐसा स्थान जो हमेशा से उनका घर रहा है।

प्रस्ताव 19 आवश्यक नहीं है। यह California में किसी भी माता-पिता की अपने बच्चों की देखभाल करने की क्षमता पर एक बहुत बड़ा प्रहार है।

प्रस्ताव 19 पर नहीं का मत दें।

**असेंबलीमैन KEN COOLEY,** जिला 8
सीनेटर **PATRICIA BATES,** जिला 36
**JON COUPAL,** अध्यक्ष
Howard Jarvis करदाता संगठन




*इस पृष्ठ पर मुद्रित तर्क लेखकों के विचार हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इसका सत्यापन नहीं किया गया है।*

## ★ प्रस्ताव 19 के विपक्ष में तर्क ★

प्रस्ताव 19 पर नहीं का मत दें।

"प्रस्ताव 19 Sacramento के राजनेताओं का राज्य संविधान से दो मतदाता-स्वीकृत करदाता संरक्षणों को हटाने द्वारा संपत्ति करों को बढ़ाने का एक प्रयास है। इस प्रस्ताव के अनुसार *माता-पिता से बच्चों और दादा-दादी से पोते-पोती के बीच* संपत्ति के हस्तांतरण का बाज़ार मूल्य पर दोबारा आंकलन करने की आवश्यकता होगी।"—*Jon Coupal, अध्यक्ष, Howard Jarvis करदाता संगठन*

प्रस्ताव 19 California वासियों को राज्य संविधान के तहत मिले प्रस्ताव 13 से संबंधित संरक्षणों को वापस लेता है और इनके स्थान पर एक *कर वृद्धि* करता है। प्रस्ताव 19 पर नहीं का मत दें।

*वर्तमान कानून के तहत,* माता-पिता और बच्चों के बीच विशेष संपत्ति का हस्तांतरण दोबारा आंकलन से बाहर रखा गया है, इसका अर्थ है कि *संपत्ति कर बिल* संपत्ति का हस्तांतरण होने के बाद समान रहता है। यह दादा-दादी और पोते-पोती के बीच विशेष हस्तांतरणों पर भी लागू होता है।

मतदाताओं ने इन बहुत अधिक लोकप्रिय प्रावधानों को राज्य संविधान में प्रस्ताव 58 के साथ 1986 और प्रस्ताव 193 के साथ 1996 में जोड़ा था।

प्रस्ताव 58 के तहत, माता-पिता किसी भी मूल्य के एक घर और $1 मिलियन तक के निर्धारित मूल्य की अन्य संपत्ति को अपने बच्चों को संपत्ति कर में किसी वृद्धि के बिना हस्तांतरित कर सकते हैं। अगर हम प्रस्ताव 58, को गंवा देते हैं, तो बच्चों को *अधिक कर के कारण अपने परिवार की संपत्ति को बेचने पर मजबूर होना पड़ सकता है,* जैसे एक छोटा व्यवसाय जिसने परिवार को वित्तीय सुरक्षा उपलब्ध कराई है और अगर वे जल्द स्थानांतरित नहीं होते तो उन्हें अपना लंबे समय का पारिवारिक घर बेचना भी पड़ सकता है।

प्रस्ताव 19 प्रस्ताव 58 को वापस ले लेता है, हालांकि, इसे मतदाताओं के 75.7% ने स्वीकृति दी थी!

डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों की ओर से विरोध के बावजूद, प्रस्ताव 19 को अंतिम समय पर पिछले दरवाजे से हुए एक सौदे के माध्यम से मतपत्र पर रखा गया था।

प्रस्ताव 19 *परिवारों के बीच संपत्ति के हस्तांतरण के बाज़ार मूल्य पर दोबारा आंकलन के लिए मजबूर करेगा* अगर नया स्वामी इसका उपयोग प्राथमिक निवास के तौर पर नहीं करता।

प्रस्ताव 19 CALIFORNIA परिवारों पर एक बहुत बड़ी, बिलियन-डॉलर कर वृद्धि है। गैर-पक्षपातपूर्ण विधायी विश्लेषण के कार्यालय का अनुमान है कि *प्रस्ताव 19 से आखिर में California के परिवारों पर* अधिक संपत्ति कर के तौर पर *दो बिलियन डॉलर वार्षिक* की लागत पड़ेगी।

प्रस्ताव 19 में हस्तांतरण के प्रावधानों को मतदाताओं ने पहले ही अस्वीकार कर दिया है।

वर्तमान कानून (प्रस्ताव 60 और 90) 55 वर्ष और इससे अधिक के गृह-स्वामियों को एक वैकल्पिक घर में जाने और अपने आधार-वर्ष वाले संपत्ति कर आंकलन को उनके पिछले घर से नई संपत्ति पर स्थानांतरित करने की अनुमति देता है। वर्तमान कानून इस स्थानांतरण की एक बार अनुमति देता है, समान काउंटी के अंदर या एक ऐसी काउंटी में जो स्थानांतरणों को स्वीकार करती है, और सिर्फ़ तभी जबकि वैकल्पिक संपत्ति समान या कम मूल्य की है। 2018 में, मतदाताओं के सामने प्रस्ताव 5 प्रस्तुत किया गया था, जिससे स्थानांतरण के अधिक अवसरों की अनुमति मिल जाती, लेकिन मतदाताओं ने निर्णय लिया कि वर्तमान व्यवस्था निष्पक्ष है और उन्हें प्रस्ताव 5 को पूरी तरह अस्वीकार कर दिया था।

अब Sacramento राजनेता इस प्रस्ताव को फिर से पेश कर रहे हैं, लेकिन इस बार उन्होंने उत्तराधिकार वाली संपत्ति पर एक *बहुत अधिक कर वृद्धि* को जोड़ा है। यह California के परिवारों के लिए एक खराब सौदा है।

California मतदाताओं ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वे माता-पिता और बच्चों के बीच, या, अगर बच्चों के माता-पिता की मृत्यु हो गई है, तो दादा-दादी और पोते-पोती के बीच हस्तांतरण किए जाने पर संपत्ति के बाज़ार मूल्य पर दोबारा आंकलन नहीं चाहते।

अब Sacramento राजनेता इन संरक्षणों को California के परिवारों से छीनने का प्रयास कर रहे हैं जिससे वे दोबारा से कर में वृद्धि कर सकें। ऐसा करने की अनुमति न दें।

प्रस्ताव 19 पर नहीं का मत दें।

**JON COUPAL,** अध्यक्ष
Howard Jarvis करदाता संगठन
**सीनेटर PATRICIA BATES,** जिला 36
असेंबलीमैन **KEN COOLEY,** जिला 8

## ★ प्रस्ताव 19 के विपक्ष में तर्क के लिए खंडन ★

*ऊपर छपी स्वयं का हित पूरा करने वाली मनगढ़त बातों पर विश्वास न करें*
तथ्यों को जानें:

तथ्य: प्रस्ताव 19 वरिष्ठों के लिए कर सीमाएं/आवासीय राहत उपलब्ध कराता है। तथ्य: प्रस्ताव 19 उन गलत विसंगतियों को समाप्त करता है जिनका उपयोग राज्य-से-बाहर के निवेशकों द्वारा किया जाता है। तथ्य: प्रस्ताव 19 गृह-स्वामियों के लिए प्रस्ताव 13 को सुरक्षित रखता है। तथ्य: प्रस्ताव 19 जंगल की आग से जीवनों/घरों को सुरक्षित करता है।

पहल के बारे में खुद पढ़ें: • "वरिष्ठों, गंभीर रूप से दिव्यांगों, और जंगल की आग और प्राकृतिक आपदाओं के पीड़ितों के लिए संपत्ति कर निष्पक्षता " *[प्रस्ताव 19, अनुभाग 2.1(b)]*। . "माता-पिता और दादा-दादी का अपने पारिवारिक घर को उनके बच्चों को हस्तांतरित करने के अधिकार का संरक्षण" *[प्रस्ताव 19, अनुभाग 2.1(a)(2)]*। • "ईस्ट कोस्ट निवेशकों, प्रसिद्ध व्यक्तियों, धनी गैर-California वासियों, और ट्रस्ट निधि उत्तराधिकारियों द्वारा संपत्ति कर के उचित हिस्से का भुगतान करने से बचने के लिए उपयोग किए जाने वाले अनुचित कर तरीकों को समाप्त करना" *[प्रस्ताव 19, अनुभाग 2.1(a)(2)]*। • "अग्नि सुरक्षा और आपातकाल के समय प्रतिक्रिया के लिए समर्पित निधि के जरिए जंगल की आग से घरों को नुकसान सीमित करना" *[प्रस्ताव 19, अनुभाग 2.1(a)(1)]*।

यहां अधिक पढ़ें: *www.sos.ca.gov/elections/ballot-measures/qualified-ballot-measures*

*विरोधियों ने किन तथ्यों का जानबूझकर खुलासा नहीं किया?* • एक राजनेता तीन घरों का स्वामी है—और हाल ही में उसने कर के उस अनुचित विसंगति का फायदा उठाना स्वीकार किया है जिसे प्रस्ताव 19 समाप्त करता है। *[राज्य कैपिटल फ्लोर स्पीच, 6/26/20]* • एक अन्य राजनेता ने कर की समान अनुचित विसंगति का उपयोग कर एक मिलियन डॉलर के किराए के घर पर कर के रूप में $2,034 का भुगतान किया था—जो पड़ोस के समान घरों पर चुकाए गए कर से $10,000 कम है। *[सार्वजनिक रिकॉर्ड, San Diego काउंटी]* • विशेष-हित अधिवक्ता, Jon Coupal ने स्वीकार किया है कि मतदाता राज्य से बाहर के उत्तराधिकारियों को कई मिलियन डॉलर के किराए पर कर छूट की अनुमति नहीं देना चाहते। *[Los Angeles Times]* • "Jarvis ग्रुप पैसा बनाने की मशीन में तब्दील हो गया है. . . Coupal पहलों और कारणों को बढ़ावा देने के व्यवसाय में हैं।" [Sacramento Bee कॉलम लेखक]

कई मिलियन वरिष्ठों, दिव्यांग गृह-स्वामियों, जंगल की आग के पीड़ितों, आग बुझाने वाले कर्मचारियों, आपात स्थिति में प्रतिक्रिया देने वालों, पारिवारिक किसानों, और कड़ी मेहनत करने वाले CALIFORNIA वासियों का साथ दें।

*www.YESon19.vote*

**KRISTY MILITELLO,** Tubbs जंगल की आग में बचने वाली
**DAVID WOLFE,** पूर्व विधायी निदेशक,
Howard Jarvis करदाता संगठन
**SALENA PRYOR,** अध्यक्ष
Black Small Business Association of California

*इस पृष्ठ पर मुद्रित तर्क लेखकों के निजी विचार हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनका सत्यापन नहीं किया गया है।*